फर्जीवाड़ा

**बिना सूचना बोर्ड के ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ खेल, जनपद अध्यक्ष व सरपंच ने की कलेक्टर से शिकायत**

# पुराने तालाब पर मिट्टी डालकर कागजों में दर्शाया विकास





**नारायणगंज, नवभारत।** विकास खंड नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबटी में अमृत सरोवर बांध के निर्माण कार्य में तकनीकी प्राक्कलन को ताक पर रखकर भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही की गई है। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि धरातल पर नया तालाब बनाने के बजाय केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में काम के बदले अनाज योजना के तहत यहाँ एक तालाब का निर्माण कराया गया था, जिसकी मेढ़ जमीन से लगभग 6 फीट ऊपर पहले से मौजूद थी। जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारियों ने मिलीभगत कर उसी पुरानी मेढ़ के ऊपर थोड़ी सी मिट्टी और मुर्रम डलवा दी। तकनीकी एस्टीमेट के अनुसार तालाब की नींव को नीचे से लगभग 3 मीटर चौड़ा और 3 मीटर गहरा खोदकर, उसमें काली मिट्टी और पानी का लौंदा (क्ले कोर) बनाकर वाइब्रेटर रोलर से दबाना था। लेकिन इसके विपरीत यहाँ नियमों को दरकिनार कर महज एक हफ्ते जेसीबी मशीन चलाकर काम समेट दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि तालाब की वास्तविक लंबाई, चौड़ाई और गहराई पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। पारदर्शिता को खत्म करने के लिए निर्माण स्थल पर कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जिससे कार्य की लागत और मजदूरी दर का पता नहीं चल पा रहा है। ग्राम पंचायत बरबटी में अमृत सरोवर बांध के निर्माण कार्य में हद दर्जे की लापरवाही बरती गई है। शासकीय राशि का बंदरबांट किया गया है। जिसकी जांच होना जरूरी है।

### कलेक्टर से की शिकायत

इस गुणवत्ताविहीन और घटिया निर्माण कार्य को लेकर ग्राम पंचायत बरबटी के सरपंच भगत सिंह कुशराम एवं नारायणगंज जनपद पंचायत अध्यक्ष आसाराम भारतीया ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने जिला कलेक्टर से आग्रह किया है कि वे स्वयं मौके पर पहुंचकर इस भ्रष्टाचार का अवलोकन करें और तकनीकी एस्टीमेट के अनुसार विधिवत पुनर्निर्माण कराएं, जिससे आगामी वर्षाकाल में जलभराव हो सके और ग्रामीणों को पेयजल का वास्तविक लाभ मिल सके।



# आर्य वीरों ने किया अदम्य साहस व शौर्य का प्रदर्शन

**गाजीपुर गुरुकुल में गूंजे वैदिक संस्कार**



**मंडला।** काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल जिलेहरी घाट, गाजीपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिविर प्रतिभागियों के स्वागत एवं शौर्य प्रदर्शन समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय शिविर में सहभागिता कर लौटे आर्य वीरों और वीरांगनाओं ने अपने अद्भुत अनुशासन, साहस, आत्मरक्षा कौशल और वैदिक संस्कारों का बेहद प्रेरणादायक प्रदर्शन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बम्हनी के समाजसेवी संतोष गोयल व विशिष्ट अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय मंडला की प्राचार्या कल्पना नामदेव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल एवं गौशाला समिति अध्यक्ष प्रेमलाल गुप्ता ने की। इस अवसर पर अध्यक्ष के सहपाठी पूर्व सैनिकों, पतंजलि समिति के सदस्यों, आर्य समिति के अध्यक्ष विभू आर्य, सनातन धर्मोत्सव समिति के अध्यक्ष रंजीत कुशवाहा और ओम मॉडल स्कूल के प्राचार्य सहित गुरुकुल समिति के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभी अतिथियों ने राष्ट्रीय शिविर से लौटे प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए उनकी राष्ट्रभक्ति, उत्कृष्ट प्रदर्शन और वैदिक संस्कृति के प्रति समर्पण की मुक्त कंठ से सराहना की।

वक्ताओं ने बच्चों को जीवन में संस्कारयुक्त शिक्षा ग्रहण करने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। शौर्य प्रदर्शन, वैदिक यज्ञ और देशप्रेम से ओतप्रोत उद्बोधनों के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम के अंत में गुरुकुल परिवार ने सभी अतिथियों, समाजसेवियों, पूर्व सैनिकों और नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# शादी समारोह में आए युवक का नाले में मिला शव

**ग्राम लिमरूआ के बोरिया नाला में संदिग्ध हालत में मिला मुगदरा निवासी तारेंद्र का शव**

**बम्हनी बंजर।** बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्राम लिमरूआ के बोरिया नाला में शव पड़ा होने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। मृतक की पहचान ग्राम मुगदरा निवासी 35 वर्षीय युवक तारेंद्र यादव के रूप में की गई है।

सूचना मिलते ही बम्हनी बंजर थाना पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार किया। थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि तारेंद्र यादव रविवार को ग्राम लिमरूआ में एक विवाह समारोह में शामिल होने आया था। वह देर रात तक शादी के कार्यक्रम में ही मौजूद था, लेकिन सोमवार सुबह से अचानक गायब था।

परिजनों ने सुबह से ही उसकी हर जगह तलाश शुरू कर दी थी। जब उसका कहीं पता नहीं चला, तो परिजन गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने बम्हनी थाना पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस को ग्राम लिमरूआ के बोरिया नाला में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर जब शिनाख्त की, तो वह शव तारेंद्र यादव का ही निकला।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए बम्हनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। थाना प्रभारी के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला पूरी तरह संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

मौत के वास्तविक और सटीक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और पुलिस की विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस फिलहाल सभी संभावित और संदेहास्पद पहलुओं को ध्यान में रखकर बारीकी से मामले की जांच कर रही है।

# 44 विस्थापित परिवारों ने नवनिर्मित आशियाने में रखा कदम

**अब तक 119 परिवार हुए पुनर्वासित, प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को मिलेगा रोजगार**



**नारायणगंज/मंडला।** विकास खंड नारायणगंज के चुटका परमाणु परियोजना के अंतर्गत प्रभावित परिवारों के सम्मानजनक पुनर्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रविवार को मंडला के ग्राम गौंझीमाल स्थित आर एंड आर (पुनर्वास एवं पुर्नस्थापन) कॉलोनी में 44 विस्थापित परिवारों का गृह प्रवेश कराया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने नए आवासों में पहुंचकर परिवारों का स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उईके ने परिवारों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि पुनर्वास केवल मकान उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक परिवार को बेहतर जीवन, सुरक्षा और सुविधाएं प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने पुनर्वास अवार्ड राशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित करते हुए परिवारों को राशि का उपयोग भविष्य के विकास एवं आजीविका सुदृढ़ करने में करने की सलाह दी।

**परिवार के एक सदस्य को मिलेगा रोजगार–** उन्होंने घोषणा की कि पुनर्वास कॉलोनी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था को ध्यान में रखते हुए श्रीराम, हनुमान, राधा-कृष्ण तथा जनजातीय संस्कृति के आराध्य बड़ादेव मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो, इसके लिए आगामी दो दिनों के भीतर स्कूल का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री श्रीमती उईके ने बताया कि परियोजना से प्रभावित प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को आउटसोर्स माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। बताया गया कि न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) की चुटका परमाणु परियोजना के तहत कुल 330 परिवार पुनर्वास के दायरे में हैं। इनमें से अब तक 119 परिवारों को गौंझीमाल स्थित आधुनिक पुनर्वास कॉलोनी में बसाया जा चुका है, जबकि शेष परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। कार्यक्रम में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने विस्थापित परिवारों को आश्वस्त किया कि पुनर्वास के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नए आवासों में शिफ्ट हुए 44 परिवारों के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक माह तक नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी आवश्यक सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है।



# कलेक्टर ने किया ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

**मंडला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नामदेव धोटे ने सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला में स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री धोटे ने ईव्हीएम वेयरहाउस में विधिवत रूप से एंट्री कर प्रवेश लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, निर्वाचन अधीक्षक श्री अरूण, सीके तिवारी उपस्थित रहे।

# पहली ही बारिश में ढहने की कगार पर पहुंची नवनिर्मित पुलिया

**दुर्घटना का बना अंदेशा, जनपद अध्यक्ष ने खोला मोर्चा**



**मंडला।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। मंडला से जबलपुर मुख्य मार्ग पर कुंडा मैली होते हुए चौकी, माड़ोगढ़ और सलैया के लिए वर्ष 2023-24 में एक सड़क और पुल-पुलिया का निर्माण स्वीकृत हुआ था। निर्माण कार्य पूरा हुए अभी ज्यादा समय नहीं बीता है, लेकिन माड़ोगढ़ के पास नदी पर बनी पुलिया की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। यहाँ नदी के तेज बहाव और मिट्टी धंसने के कारण पुलिया का एक बड़ा किनारा टूटकर अलग हो चुका है और सड़क कटकर आधी रह गई है।

बताया गया कि ग्रामीणों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जनपद अध्यक्ष आसाराम भारती ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जमीनी हकीकत देखने के बाद उन्होंने जिला कलेक्टर को एक पत्र लिखकर मामले की गंभीरता से अवगत कराया है और तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

### विभाग ने नहीं लगाए संकेतक

चौंकाने वाली बात यह है कि सड़क आधी कट चुकी है और पुलिया कभी भी ढह सकती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा यहाँ सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। वाहन चालकों को सचेत करने के लिए आगे-पीछे कहीं भी कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाया गया है, जो किसी बड़ी दुर्घटना को खुला निमंत्रण दे रहा है।

**बारिश में टूट सकता है दर्जनों गांवों का संपर्क**

जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया और स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मानसून की दस्तक होने वाली है। अगर समय रहते बारिश शुरू होने से पहले इस पुलिया और कटी हुई सड़क का सुदृढ़ीकरण व मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो आगामी तेज बारिश में यह पुलिया पूरी तरह बह जाएगी। ऐसा होने पर इस क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का जिला मुख्यालय और जबलपुर मुख्य मार्ग से संपर्क पूरी तरह टूट जाएगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब इस ओर ध्यान देने और ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए तुरंत सुधार कार्य शुरू कराने की मांग की है।

# 22 जून को जिले में 4 .4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंडला।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 22 जून 2026 के दौरान 20.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 98.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 78 मिली मीटर कम वर्षा दर्ज की गई है, जो भू अभिलेख विभाग द्वारा सामान्य से कम बताई जा रही है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जून 2026 को नैनपुर में 22.4 मि.मी. एवं बिछिया में 4.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 22 जून 2026 को 4.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# तीन संतान नियम निरस्त होने पर शिक्षकों ने मनाया जश्न

**कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके का किया अभिनंदन**



**मंडला।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा तीन संतान से संबंधित नियम को निरस्त किए जाने पर ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके का एक धन्यवाद एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आदर्श ग्राम पंचायत की सरपंच डॉ. श्रद्धा उइके करवेती एवं जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एसोसिएशन की परंपरा के अनुसार कॉपी-पेन और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जिला उपाध्यक्ष मोहन यादव ने बताया कि तीन संतान नियम के कारण जिले के अनेक शिक्षक और उनके परिवार लंबे समय से भारी मानसिक तनाव में थे। स्थिति यह थी कि कुछ तथाकथित तत्वों द्वारा प्रभावित शिक्षकों को ब्लैकमेल भी किया जा रहा था। इस कठिन समय में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डी.के. सिंगौर एवं जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी ने इस समस्या को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया। मंत्री संपतिया उईके के माध्यम से यह संवेदनशील विषय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया गया, जिसके सुखद परिणाम स्वरूप शासन ने इस नियम को समाप्त कर दिया।

**मानव गरिमा के विपरीत था नियम**–एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि तीन संतान नियम के कारण कई व्यावहारिक समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं, जो मानव गरिमा के विपरीत थीं। इस दौरान तीन संतान मामले में विशेष प्रयासों के लिए प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष का भी विशेष सम्मान किया गया। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय से न केवल शासकीय कर्मचारियों को बल्कि चुनावों में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को भी बड़ा लाभ मिला है। उन्होंने शिक्षकों को भविष्य में भी हितों की रक्षा का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन द्वारा टीईटी संबंधी समस्याओं को लेकर मंत्री को दो ज्ञापन भी सौंपे गए, जिस पर उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री से चर्चा कर शीघ्र समाधान निकालने का भरोसा दिलाया। आयोजन में जिला कोषाध्यक्ष शिवराम मरकाम, उपाध्यक्ष गंगाराम यादव, सुनील नामदेव, राजश्री सर्वटे, कामेश्वरी सोयाम सहित एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों व प्रभावित शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच संचालन जिला अध्यक्ष दिलीप मरावी ने किया एवं आभार प्रदर्शन सरिता सिंह द्वारा किया गया।

**निजी संस्था के शिविर में आयुष विभाग ने दी आयुर्वेदिक दवाएं**

# सिकल सेल दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**मंडला।** विश्व सिकल सेल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को निजी संस्था पूर्वायु वेलनेस फाउंडेशन की ओर से एक निजी होटल में नि:शुल्क सिकल सेल जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आयुष विभाग मंडला की टीम ने सिकल सेल से ग्रसित मरीजों की जांच की और उन्हें बीमारी के लक्षण, बचाव व प्रबंधन के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। मरीजों को आयुर्वेदिक औषधियाँ भी नि:शुल्क वितरित की गईं। विशेषज्ञों ने बताया कि सिकल सेल अनुवांशिक बीमारी है, जिसमें सही खानपान, आयुर्वेदिक उपचार और नियमित देखभाल से मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं।

शिविर में डॉ. सीमा भवेदी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. ममता धुर्वे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी और डॉ. मुकेश कुमार महाजन होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी ने सेवाएं दीं। बड़ी संख्या में मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया।

# बिंझिया में रक्तदान शिविर 26 को



**मंडला।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 26 जून को 17वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिव्य संदेश इंसान का खून इंसान के काम आए से प्रेरित होकर यह शिविर प्रतिवर्ष की भांति संत निरंकारी भवन बिंझिया में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि मानवता की सेवा के लिए संस्था द्वारा समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिससे एकत्रित रक्त यूनिट किसी भी जरूरतमंद और गंभीर मरीज के जीवन की रक्षा कर सके। संस्था ने क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं और नागरिकों से इस नेक पहल में शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है। रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शिविर के एक दिन पूर्व, यानी 25 जून को शाम 5 बजे एक भव्य जागरूकता वाहन रैली भी निकाली जाएगी। यह रैली शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों और चौराहों से गुजरते हुए नागरिकों को रक्तदान के महत्व को समझाएगी और उन्हें महादान के लिए प्रेरित करेगी।

# मुख्य सचिव 25 को लेंगे समीक्षा बैठक

**मंडला।** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 25 जून को अपराह्न 4 बजे जिलों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को समीक्षा बैठक में आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, सुशासन, कानून एवं व्यवस्था, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन की अद्यतन स्थिति, एमपी ई-सेवा पोर्टल, उल्लास साक्षरता मिशन तथा पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण जैसे विषयों की समीक्षा की जाएगी।

सम्मान

**शिक्षक संघ और एसबीआई लाइफ ने किया सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान**

# वित्तीय प्रबंधन के गुर के साथ गुरुओं का किया गया अभिनंदन






**मंडला।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस जिला मंडला एवं मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा के संयुक्त तत्वावधान में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन के संयोजक व एसबीआई लाइफ के सलाहकार दीपक ठाकुर द्वारा किया गया।

समारोह के दौरान एसबीआई लाइफ के प्रबंधक रजनीश कुमार पांडे एवं संयोजक दीपक ठाकुर ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर दीपक ठाकुर ने सेवानिवृत्ति के बाद सुनियोजित वित्तीय प्रबंधन के महत्व को विस्तार से समझाया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष सह मंडल संयोजक विवेक शुक्ला एवं प्रांतीय प्रतिनिधि असीम गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन हमेशा शिक्षकों के हितों और हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। आयोजन में संगठन मंत्री योगेश चौरसिया एवं सचिव रेवा शंकर पाण्डेय ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य अखिलेश चंद्रौल, शैल दुबे तथा संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार सिंगौर ने इस आयोजन को बेहद उपयोगी बताया। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक रजनीश पांडे, संयोजक दीपक ठाकुर, अध्यक्ष विवेक शुक्ला एवं प्रांतीय प्रतिनिधि असीम गौतम द्वारा समस्त सेवानिवृत्त शिक्षकों का तिलक वंदन कर के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। स्वरुचि भोज के साथ संपन्न हुए इस उपयोगी कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने एसबीआई लाइफ के ध्येय वाक्य अपने लिए, अपनों के लिए की सराहना की और इसकी लोक-कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित हुए।